CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

M–ESC–D–ATPL

# नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# ANTHROPOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित पर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो :
Write on the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* बेलन घाटी से प्राप्त मध्यपाषाण उपलब्धियों का महत्त्व
Significance of Mesolithic findings from Belan Valley

*(b)* भारतीय जनसमुदाय में भाषिक तत्त्व
Linguistic elements in Indian population

*(c)* समकालीन भारतीय राजनीति में जाति की प्रासंगिकता
Relevance of caste in contemporary Indian politics

*(d)* भारतीय समाज पर जैनवाद का प्रभाव
Impact of Jainism on Indian society

*(e)* भारत में आखेटक-संग्रहण परम्पराओं की उत्तरजीविता के नृजाति-पुरातात्त्विक प्रमाण
Ethno-archaeological evidences for the survival of hunting-gathering traditions in India

**2.** *(a)* भारत के जनजाति-नृविज्ञान में क्रिस्टोफ वॉन फ्यूरर-हाइमेन्डॉर्फ के योगदान के बारे में लिखिए।
Write about the contribution made by Christoph von Fürer-Haimendorf to tribal anthropology in India. 20

*(b)* 'नर्मदा मानव' के प्रमुख लक्षणों का चित्रण कीजिए तथा इसके जातिवृत्तिक महत्त्व का परीक्षण कीजिए।
Delineate the salient characteristics of 'Narmada Man' and examine its phylogenetic significance. 15

*(c)* भारतीय जनजातियों की सांस्कृतिक विविधता ने किस प्रकार से अपनी बहुल परम्पराओं को संवर्धित किया है, विवेचना कीजिए।
Discuss how cultural diversity of Indian tribes has enriched its plural traditions. 15

**3.** *(a)* भारत में जाति व्यवस्था के संरचनात्मक एवं सांस्कृतिक सिद्धान्तों का परीक्षण कीजिए।
Examine the structural and cultural theories of caste system in India. 20

*(b)* भारत में 'नेग्रीटो समस्या' का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
Give a critical assessment of 'Negrito Problem' in India. 15

*(c)* भारतीय ग्राम अधिवास के परम्परागत प्रतिरूपों का वर्णन कीजिए।
Describe the traditional patterns of settlement of Indian villages. 15

4. (a) अविभाजित पंजाब से प्राप्त ताम्रपाषाणीय संस्कृति के कंकालीय अवशेषों का विस्तृत मूल्यांकन कीजिए।
Give a detailed appraisal of skeletal remains from Chalcolithic culture of undivided Punjab. 20

(b) जनजाति-वर्ण सांतत्यक प्रक्रम, संस्कृतिकरण से कैसे भिन्न है? टिप्पण प्रस्तुत कीजिए।
How is process of tribe-caste continuum different from Sanskritization? Comment. 15

(c) भारतीय जनजातियों के अध्ययन में एल० पी० विद्यार्थी तथा डी० एन० मजूमदार के योगदान की तुलना कीजिए।
Compare the contribution of L. P. Vidyarthi and D. N. Majumdar to the study of Indian tribes. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित पर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो :
Write on the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारतीय जनजातियों में स्वायत्तता की माँग में क्षेत्रवाद की भूमिका
The role that regionalism plays in demand for autonomy among Indian tribes

(b) भारतीय जनजातियों की जैव आनुवंशिक विविधता
Bio-genetic variability of Indian tribes

(c) झारखण्ड के अनुसूचित जनजाति जनसमुदाय पर उद्योगीकरण का प्रभाव
Impact of industrialization on scheduled tribe population of Jharkhand

(d) जनजाति, एक औपनिवेशिक संरचना के रूप में
Tribe as a colonial construct

(e) नृजातीय एवं राजनैतिक आन्दोलनों की नृविज्ञानी व्याख्या
Anthropological interpretation of ethnic and political movements

6. (a) सामाजिक तंत्र के रूप में भारतीय ग्राम की उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।
Explain Indian village as a social system with suitable examples. 20

(b) वैश्वीकरण के संदर्भ में लघु तथा बृहद् परम्परा के पारस्परिक प्रभाव की प्रकृति का परीक्षण कीजिए।
Examine the nature of interplay of little and great traditions in the context of globalization. 15

(c) 'वन अधिकार मान्यता अधिनियम, 2006' के क्रियान्वयन में अनुसूचित जनजातियों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उनका वर्णन कीजिए।
Explain the difficulties experienced by scheduled tribes with regard to implementation of the 'Recognition of Forest Rights Act, 2006'. 15

**7.** *(a)* भारत में अनुसूचित जातियों के शोषण के लिए उत्तरदायी कारकों का परीक्षण कीजिए।
Examine the factors responsible for the exploitation of scheduled castes in India. 20

*(b)* भारत में अनुसूचित जनजातियों पर इस्लाम के प्रभाव की विवेचना कीजिए।
Discuss the impact of Islam on scheduled tribes of India. 15

*(c)* जनजातियों के सामाजिक रूपान्तरण प्रक्रम को विविध जनजाति विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं ने किस प्रकार प्रभावित किया, वर्णन कीजिए।
Describe how various tribal development programmes and plans have impacted the process of social transformation among tribes. 15

**8.** *(a)* भारत के संविधान में पाँचवीं तथा छठी अनुसूची के तहत अनुसूचित जनजातियों के लिए प्रदान किए गए विभिन्न प्रावधानों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
Write in detail various provisions provided by the Constitution of India for the scheduled tribes under Vth and VIth Schedules. 20

*(b)* मध्य भारत की अनुसूचित जनजातियों के रूपान्तरण में एन० जी० ओ० तथा धर्मप्रचारकों की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Critically examine the role of NGOs and missionaries in transformation of scheduled tribes in Central India. 15

*(c)* ग्रामीण विकास में नृविज्ञानी ज्ञान तथा प्रविधियाँ कैसे उपयोगी होती हैं, वर्णन कीजिए।
Describe how anthropological knowledge and methods are useful in rural development. 15

★★★